हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

11 नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ परिवार और समाज पर नकारात्मक असर डालती: विद्यानंद



12 दोस्तों के साथ बैठकर पी शराब, नशा होने पर मौत के घाट उतारा



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास सिरे नहीं चढ़े तो पुलिस ने गत 9 जुलाई को केस दर्ज किया था। इस मामले में नंदरामपुर बास रोड धारूहेड़ा निवासी हरीश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गत वर्ष दर्ज किए गए मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष 14 मई को आर्म्स एक्ट व आगजनी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने एक आरोपी गोकलगढ़ निवासी आदित्य को एक साल बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### नशे में गाली-गलौज का आरोपी गिरफ्तार

**खोरी।** थाना खोल पुलिस ने शराब के नशे में गाली-गलौज करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आलियावास निवासी सुरेंद्र सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। इससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर उसे काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### छेड़छाड़ मामले में आरोपी से तफ्तीश

**जाटूसाना।** पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में छेड़छाड़ व मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को तफतीश में शामिल किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 22 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को कोर्ट से अग्रि जमानत मिल गई, जिस कारण पुलिस ने उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद छोड़ दिया। इस मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### महिला का पीछा करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने महिला का पीछा करते हुए उसके साथ अभद्र व्यवहार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर झज्जर के नया गांव निवासी सुमित के खिलाफ 17 अगस्त को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## सोमवार को तीन और डेंगू पॉजिटिव मिलने से मरीजों की संख्या 60 पर पहुंची

# अगस्त माह में डेंगू ने पकड़ा जोर, स्वास्थ्य विभाग के लिए सितंबर में इससे निपटना रहेगा चुनौती

- बरसात के मौसम में बढ़ रहा मच्छरों का प्रकोप, नगर परिषद ने सोमवार से शहर के वार्डो में शुरू की फोगिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मानसून सीजन में बढ़ते डेंगू के मामलों ने स्वास्थ्य विभाग को चिंता में डाल दिया है। बरसात से जलभराव के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू व मलेरिया बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। अगस्त माह में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। आगामी सिंतबर माह में डेंगू से निपटना स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती रहेगी, हांलाकि स्वास्थ्य विभाग डेंगू व मलेरिया के की रोकथाम के लिए प्रयास कर रहा है। राहत की खबर यह है कि सोमवार से नगर परिषद की ओर से भी वार्डो में फोगिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे मच्छरों के प्रकोप से राहत मिलेगी। जिले में अब तक डेंगू के 60 व मलेरिया के 11 केस मिल चुके है। सोमवार को जिले में 3 डेंगू पॉजिटिव मरीज और मिल गए है। शहर में नई अनाजमंडी व बावल रोड सहित कई जगहों पर बरसात का पानी जमा है। स्वास्थ्य विभाग के ब्रीडिंग चेकर घरों में कूलर, पानी की टंकी, फ्रीज -ट्रे व पशुओं की खेल में भरे हुए पानी में लार्वा की जांच कर रहे है। डेंगू की रोकथाम के लिए नगर परिषद की ओर से सोमवार को शहर में फोगिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। सोमवार को गुलाबी बाग, देव नगर, उत्तम नगर, सेक्टर-3 व सेक्टर-4 में फोगिंग की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से घरों मे लार्वा की जांच के लिए ब्रीडिंग चेकर लगे हुए है, जो लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस थमा रहे है। जांच के दौरान मच्छर का लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी दिए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक लार्वा मिलने पर 1611 लोगों को नोटिस दिए जा चुके है। मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर बिजेन्द्र सिंह ने बताया अब तक 1516257 घरों में मॉस फीवर सर्वे किया जा चुका है। अब तक डेंगू संभावित बुखार पीड़ति 1718 लोगों के सेंपल भी लिए जा चुके है। अभी तक शहर में 14, सीएचसी गुरावड़ा में 5, सीएचसी मीरपुर में 5, सीएचसी बावल में 18 व सीएचसी खोल में 18 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।





रेवाड़ी। उत्तम नगर में फोगिंग करता कर्मचारी, सेक्टर-4 में फोगिंग करता कर्मचारी, उत्तम नगर में पानी की टंकी में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।





रेवाड़ी। कूलर में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### डेंगू व मलेरिया के लक्षण

मलेरिया इंस्पेक्टर बिरेन्द्र सिंह ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण हैं। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो अपना इलाज कराएं।

### लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत



डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए फोगिंग और लार्वा पनपने वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर दवा का छिड़काव किया जा रहा हैं। लोगों को भी डेंगू व मलेरिया के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है।

डा. अमित यादव, उपसिविल सर्जन।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# श्याम जागरण में बही भक्ति रस की धारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुंड

खंड खोल के गांव बासदूदा में श्री श्याम प्रभु के जागरण, खेलकूद प्रतियोगिता व भंडारे का आयोजन किया गया। आदर्श क्लब व ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टींट थे तथा पूर्व जिला पार्षद आजाद सिंह नांधा,खोरी मंडल अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव, खोल मंडल भाजपा अध्यक्ष सुभाष यादव ढाणी शोभा, सरपंच रविंद्र हाथी माजरा, समाजसेवी कृष्ण यादव डीपी मनेठी, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, सरपंच चेतन अहरोद, सरपंच संजय यादव राधा की ढाणी, पूर्व सरपंच राजेश झलू और घनश्याम कोलाना ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। श्याम जागरण का शुभारंभ माजरी धाम के महंत सुमित गिरी महाराज ने किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में अनेक टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया। जागरण में लोक गायक कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर युवा समाजसेवी विजयपाल मुंशी, मोनी राजपूत, लखेंद्र, राजबीर डीपी, परमजीत पीटीआई, गौरव मराठा व मुकेश बोहरा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# दोस्तों के साथ बैठकर पी शराब नशा ज्यादा होने पर मौत के घाट उतारा

- श्मशान के पास मिला मनेठी के युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मनेठी गांव में रविवार की रात एक युवक की पत्थर से सिर फोड़कर हत्या कर दी गई। उसका शव श्मशान घाट के पास पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। डीएसपी जोगेंद्र और सीन ऑफ क्राइम टीम भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के कुछ दोस्तों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हत्या शराब के नशे में झगड़ा होने के बाद की गई थी। गांव का करीब 35 वर्षीय युवक नवीन गाड़ी चलाता था। रविवार शाम को वह घर से निकलने के बाद वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह ग्रामीणों को श्मशान घाट के पास शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर थाना खोल पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त नवीन के रूप में हो गई। शव के पास खून से सना हुआ पत्थर भी पुलिस ने बरामद किया है। सूचना मिलने के बाद डीएसपी जोगेंद्र और सीन ऑफ क्रइम टीम भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भेज दिया। बाद में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सौंप दिया।





नवीन के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते हुए, घटना स्थल पर जांच करते हुए पुलिस तथा इनसेट में मृतक नवीन का फाईल फोटो।

### शराब के नशे में हुआ झगड़ा

आरंभिक पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि रात को नवीन ने अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर ठेके के पास ही शराब पी थी। इसके बाद नवीन का उन लोगों के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी दौरान दोस्तों ने ही उस पर पत्थरों से वार कर दिया, जिस कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसा गांव के कुछ युवकों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, परंतु गिरफ्तारी की पुष्टि अभी तक नहीं की गई है।

## विवाहिता ने पति सहित पांच लोगों पर करवाया दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**कोसली।** झाड़ौदा गांव की एक विवाहिता ने झज्जर जिले के मुंडाहेड़ा गांव निवासी अपने पति सहित पांच लोगों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया गया है। विवाहिता निशा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी इसी वर्ष 2 मार्च को प्रवेश के साथ हुई थी। विवाह में उसकी माता ने अपनी क्षमता अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन ससुरालीजन दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। शादी के दो दिन बाद ही प्रवेश के पिता कृष्ण ने दान दहेज को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। सास मुन्नी देवी ने भी ताने देने शुरू कर दिए। विवाह के तीन दिन बाद उसके ससुर कृष्ण व राजेन्द्र उनके घर झाड़ौदा में आए और पैसों की मांग की। सात मार्च को प्रवेश उसे लेने के लिए झाड़ौदा आया तथा मोटरसाइकिल और दो लाख रुपए की मांग करने लगा। 14 मार्च को बीमार होने पर उसका पति प्रवेश उसे दवाई दिलाने के बहाने कोसली के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराकर अपने घर चला गया। सूचना के बाद उसका चाचा सतीश अस्पताल से छुट्टी दिलाकर झाड़ौदा ले गया। पति के रिश्तेदार राजेन्द्र ने भी नकदी की मांग दोहराई तथा बौचडिया गांव निवासी कृष्ण ने भी मांग पूरी नहीं होने तक उसे ससुराल नहीं ले जाने की धमकी दी। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पांचों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## टेस्ट ड्राइव के बहाने कार चोरी का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मई माह में टेस्ट ड्राइव के बहाने कार चोरी करने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। कार भी बरामद की जा चुकी है। मॉडल टाउन थाना पुलिस को 23 मई को दर्ज शिकायत में कृष्णा नगर निवासी आकाश ने बताया था कि उसके पास उसके रिश्तेदार फरीदाबाद निवासी हरिकृष्ण की वर्ना कार थी। कार को बेचने के लिए ऑनलाइन विज्ञापन डाला हुआ था। उसकी दुकान पर दो युवक आए थे। उन्होंने कार खरीदने के लिए टेस्ट ड्राइव करने के लिए कहा। उसने कार का टेस्ट ड्राइव करा दिया। ह अपनी दुकान पर आ गया। दोनों मौका पाकर दुकान से कार की चाबी चोरी कर ले गए। दुकान से कुछ दूरी पर खड़ी कार लेकर दोनों फरार हो गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सोमड़ा निवासी विशाल गुर्जर को चोरी की कार सहित गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने दूसरे आरोपी तावडू निवासी मतजीद मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## इस सप्ताह भी बिखराव में बरसात की संभावना, सप्ताह के अंत तक इसी तरह का बना रहेगा मौसम

# कई एरिया में झमाझम बारिश, तापमान में मामूली कमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

अगस्त माह के दूसरे पखवाड़े में भी मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी और हल्की बरसात हो रही है। तापमान में भी मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, लेकिन उमस भरी गमी से राहत नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को भी बूंदाबांदी या हल्की बरसात हो सकती है। सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर से पहले एक बार आसमान साफ होते ही तेज धूप ने गर्मी का असर बढ़ा दिया। दोपहर तक जिले के कई भागों में झमाझम बारिश हुई। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 34 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री की कमी के साथ 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 76 फीसदी रहा, जबकि 11 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। अलग-अलग ब्लॉक में औसत 2 से 10 एमएम तक बारिश हुई। बारिश के बाद तेज धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी ने लोगों के जमकर पसीने निकालने का काम किया। हवा में नमी के कारण चिपचिपाहट भरी गर्मी ने खूब बेहाल किया। मौसम विभाग के अनुसार 19 अगस्त को भी आसमान में बादलों के बीच बिखराव में बारिश हो सकती है। इस सप्ताह के अंत तक रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। सप्ताह के अंत तक मध्यम से तेज बरसात भी हो सकती है।

### उमस भरी गर्मी से राहत नहीं



रेवाड़ी। सोमवार सुबह आई बरसात से अनाजमंडी रोड पर जमा पानी।

### एनसीआर में मानसून पड़ने लगा कमजोर

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन के अनुसार एनसीआर में पिछले तीन दिनों से लगातार मानसून कमजोर बना हुआ है। कहीं-कहीं बिखराव वाली खंड बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही है। इसी वजह से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में उतार चढाव देखने को मिल रहा है। वर्तमान परिदृश्य में मानसून कमजोर बना हुआ है। मानसून टर्फ राजस्थान पर हुई हैं। एनसीआर दिल्ली में बंगाल की खाड़ी से लगातार दक्षिणी पूर्वी हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में लगातार बादलों की आवाजाही बनी हुई है। 23 अगस्त तक बूंदाबांदी या हल्की बरसात रुक-रुककर हो सकती है।

### बाजरे की फसल को नुकसान की आशंका

खरीफ फसल में इस बार किसानों ने लगभग 91 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाजरे की फसल उगाई हुई है। अगेती फसल जल्द पककर तैयार होने वाली है। सिरों में दाना बनना शुरू हो गया है, जिससे फसल का वजन बढ़ रहा है। इस समय तेज हवाओं के साथ बरसात होने से बाजरे की फसल जमीन पर गिर जाएगी, जिससे फसल उत्पादन पर विपरीत असर हो सकता है। हल्की बरसात या बूंदाबांदी से फसल को कोई नुकसान नहीं होगा। मौसम साफ होते ही बाजरे की अगेती फसल की कटाई भी शुरू हो जाएगी।

# हवाई फायरिंग करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

रामपुरा थाना पुलिस ने गत वर्ष मोहल्ला कुतुबपुर में एक घर के बाहर हवाई फायरिंग करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव गोकलगढ़ निवासी आदित्य उर्फ माया के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मोहल्ला कुतुबपुर निवासी शेखर राव ने अपनी शिकायत में बताया था कि 13 मई 2024 को उसके घर के बहार दो युवक बाइक पर आए और हवाई फायर करके मौके भाग गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी मोहल्ला कुतुबपुर निवासी तिजिल व तरुण को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी तरुण के कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया था। पूछताछ में आरोपी तरुण ने बताया की उसे उपरोक्त देशी कट्टा गांव गोकलगढ़ निवासी आदित्य उर्फ माया ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने रविवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी गांव गोकलगढ़ निवासी आदित्य उर्फ माया को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रोहतक, मंगलवार
19 अगस्त 2025

हरिभूमि सहेली



चालीस-पैंतालिस की उम्र में आकर हम यही सोचते हैं, अब जिंदगी में कुछ नया करने, बड़ा करने के दिन गए। जबकि ऐसा कुछ नहीं है, किसी भी उम्र में अपने सुहाने सपने पूरे किए जा सकते हैं। अपनी एक पहचान बनाई जा सकती है। बस जरूरत है, हम अपने भीतर उत्साह-उमंग और जोश समेटे रहें, पूरी तरह आशावादी रहें।

# अभी देर नहीं हुई आज भी संवर सकती है जिंदगी

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

आज अमृता का पैंतालिसवां जन्मदिन था। हर कोई उसे बधाई दे रहा था, लेकिन वह उदास थी। उसकी सहेली सुरभि ने अकेले में उसकी उदासी की वजह पूछी तो फूट-फूट कर रो पड़ी, बोली, 'मैं पैंतालिस साल की हो गई हूं। अभी तक मेरा अपना फ्लैट नहीं है, किराए के फ्लैट में रह रही हूं। न ही अभी तक मेरे किसी बच्चे की शादी हुई है। मेरे सब भाई-बहनों और सहेलियों के अपने फ्लैट हैं। बच्चे पढ़-लिख गए, उनकी शादी भी हो गई है। जिंदगी बीती जा रही है और मैं अब तक कुछ भी अचीव नहीं कर पाई।' सुरभि ने अमृता को समझाया, 'सुन अमी! न्यूयॉर्क कैलिफोर्निया से तीन घंटे आगे है, लेकिन इससे कैलिफोर्निया पीछे नहीं रह गया। पचास वर्षीया स्नेहा को आज सब जानते हैं, क्योंकि वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ हैं, लेकिन पांच साल पहले तक उसे कोई नहीं जानता था। जबकि सचिन तेंदुलकर को 16 वर्ष की आयु में पूरी दुनिया जानने लग गई थी। कोई अड़तालिस साल की उम्र तक कुंवारा रह जाता है, फिर जीवनसाथी ढूंढ़ पाता है, जबकि किसी की शादी अट्ठाइस वर्ष की उम्र में हो जाती है, लेकिन तलाक होने की वजह से वह पैंतालिस वर्ष की उम्र में फिर से अकेला हो जाता है। ओबामा पचपन की उम्र में रिटायर हो गए, जबकि ट्रंप ने राजनीतिक शुरुआत ही 70 वर्ष की उम्र में की थी। दरअसल, दुनिया में हर किसी के समय का एक दौर या टाइम जोन होता है। कोई आपसे आगे दिख सकता है, तो कोई पीछे। लेकिन हर कोई अपनी दौड़ में अपने समय पर है। न किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत है और न नकल करने या दुखी होने की। वे अपने टाइम जोन में हैं, हम अपने जोन में। सही समय का इंतजार करना ही जिंदगी है। रिलैक्स करो। तुम एकदम समय पर हो और विधाता ने तुम्हारे लिए जो टाइम जोन सेट किया है, उसी के मुताबिक हो।' सुरभि ने अमृता से बिल्कुल सही कहा। हमें बीतती हुई उम्र के लिए चिंतित होने की बजाय, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए-



## कुछ नया करने की कोई उम्र नहीं होती

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र कितनी है। आप यह मान कर चलें कि आज भी उतनी ही ऊर्जावान हैं, जितनी बीस-बाइस साल की उम्र में थीं। बड़ी उम्र में आना, जीवन का अंत नहीं है। यह आने वाले दिनों की नई शुरुआत है। अपने लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करें। आप डांस या म्यूजिक सीखना चाहती हैं, अकेले दुनिया घूमना चाहती हैं, कोई नया और कुछ अलग हटकर शौक अपनाना चाहती हैं। बस, आप जो चाहती हैं, कर डालें, झिझकें नहीं। याद रखें, आपको एक ही जिंदगी मिली है, इसलिए वो सब करें, जो आपका दिल करना चाहे, लेकिन दुखी ना हों।

## सेहत पर पूरा ध्यान दें



अब तक आपने अपने सास-ससुर, पति, बच्चों आदि के लिए ही सब कुछ किया और कभी अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा। खूब काम किया और वो सब कुछ किया, जिससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता था। चालिए कोई बात नहीं, जब जागो तभी सवेरा। अब आपकी अपनी देखभाल का उचित समय आ गया है। अच्छा खाएं, व्यायाम करें, प्रकृति के नजदीक रहें, ध्यान लगाएं। जितनी अच्छी आदतें आप इस समय अपनाएंगी, उतनी ही स्वस्थ आप आने वाले समय में उम्र के पचास-साठ के दशक में रहेंगी।

## समय किसी के लिए नहीं रुकता

समय सतत चलायमान है। यह किसी के लिए नहीं रुकता है, लेकिन जैसे-जैसे यह बीतता है, नई सीख भी देता जाता है। समय के इस चक्र में कभी-कभी हमारी सीख और हमारे अनुभव भी असहाय नजर जाते हैं। कई बार हमें लगता है कि जिनसे हमारा सामना आज हो रहा है, उसे हमें बहुत पहले ही जान लेना चाहिए था। ऐसी ही कुछ बातें हैं, जिनको सुनने के बाद लगता है 'काश! ये सीख जवानी में मिली होती तो आज जीवन और भी सुखमय हो सकता था।'

## रहें हमेशा आशावादी

जिस तरह हर रात की सुबह होती है, ठीक उसी तरह हर पहलू का अंत होता है और एक नए पहलू का जन्म होता है। दुख है तो उसका अंत भी होगा और जीवन का अगला पड़ाव खुशियों से भरा होगा। अगर आपने अपना पूरा ध्यान भविष्य की चिंता पर लगा दिया तो इससे मौजूदा पल आपसे बिछड़ सकते हैं। इसलिए हर पल को जिएं और हर पल का लुत्फ उठाएं।

## अपने सपनों को पूरा करें

कई बार लोग चालीस पार जाते ही सोचने लगते हैं कि बदलाव के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। आप भी ऐसा सोचती हैं तो अपने को बदलिए। महिलाएं कई बार युवावस्था में जो शौक जिम्मेदारियों के बोझ के कारण पूरे न कर पाईं, उन्हें मौका मिलने और इच्छा होने के बावजूद लोकलाज या लोगों की टिप्पणी से डर कर पूरा नही करतीं। दूसरे क्या कहेंगे, यह सोचना छोड़िए और जीवन में जो भी अवसर मिले, उसे लपक कर पकड़ें। यह सोचकर कि अब तो आप चालीस के पार हो चुकी हैं, नया क्या करना, हाथ में आया अवसर गंवाएं नहीं। आप बस एक ही बात सोचिए, नई शुरुआत करने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है। जीवन आज भी संवारा जा सकता है। अपनी एक बड़ी पहचान बनाई जा सकती है।

# एक दायरे में रह कर निभाएं रिश्ते

एक तरफ तो हम इस आधुनिक जीवनशैली में अपने रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं, दूसरी ओर रिश्ते इस तरह निभाए जा रहे हैं, जो तनाव का सबब बन रहे हैं। रिश्तों में वो अपनापन और मधुरता नहीं दिखती, जो पहले कभी दिखती थी। सवाल यह है कि हम अपने रिश्तों का निर्वाह किस तरह करें, ताकि हमारे रिश्ते बने रहें। आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

रिलेशनशिप

बुशरा फातमा



आज की जीवनशैली में हम इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद अकेलापन महसूस करते हैं, भीतर एक बेचैनी रहती है। ऊपर से हम अपनों से दूर रहकर सोशल मीडिया के आभासी रिश्तों में उलझे रहते हैं। इसकी बड़ी वजह है, पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां। देखा जाए तो रिश्तों में अब वो अपनत्व नहीं रहा, जो पहले कभी हुआ करता था। इसकी एक मुख्य वजह एक यह भी है कि कई रिश्ते अब ऐसे हो गए हैं, जो हमें मानसिक तनाव देते हैं। ऐसे में रिश्तों में दूरियां आना स्वाभाविक है। स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे रिश्तों के इस बदलते रूप को एक अलग नजरिए से देखते हैं। वह कहते हैं, 'रिश्तों को एक दायरे में रहकर निभाया जाए तो इससे इंसान ना सिर्फ अनावश्यक तनाव से बच सकता है बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी को खत्म भी किया जा सकता है।'

**जरूरी है दोनों तरफ से रिश्तों का निर्वहन:** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं, जो सिर्फ अपने फायदे के लिए ही रिश्ते रखते हैं। वे चाहते हैं, जब उन्हें आपकी जरूरत हो तो आप उपलब्ध रहें। हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहें, लेकिन जब आपको उनकी जरूरत हो तो वो उपलब्ध नहीं होंगे, व्यस्तता का बहाना बना देंगे। इसलिए ऐसे रिश्तों से सावधान रहें। ऐसे लोगों का जब कोई काम हो तो आप उन्हें काम करने के लिए साफ मना कर दें। इसमें कोई बुराई नहीं है। आसानी से अपनी उपलब्धता देते रहना, अपनी वैल्यू घटाना है, साथ ही ऐसे लोग रिश्तों को कमजोर भी बनाते हैं। रिश्तों में दोनों तरफ से निर्वहन जरूरी है, यह भावना रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसमें नकारात्मकता की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**मेडिटेशन और योग करें:** अगर टॉक्सिक रिलेशनशिप से तनाव ज्यादा बढ़ रहा है तो इससे दूरी बनाएं। इस संबंध में एक बात बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है, वो है योग का सहारा लेना। नकारात्मक मूड से निकलने के लिए सबसे आसान तरीका है- मेडिटेशन और योगासन। इसका नियमित अभ्यास हमें रिश्तों को संभालना सिखाता है, हमें तनावमुक्त करता है।

**सीखें ना कहने की कला:** कई बार सामने वाले से आपकी किसी बात को लेकर सहमति नहीं होती, लेकिन उसे तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए आप अपनी असहमति प्रकट नहीं करतीं। लेकिन कुछ ना कह पाने की झिझक रिश्तों को घुन की तरह खाती रहती है, इससे रिश्ते खोखले होते चले जाते हैं। इसलिए गैरजरूरी कामों के लिए ना कहना सीख लें।

## सोशल मीडिया पर रिश्तों की परख जरूरी



**इन दिनों** यह बहुत ही आम बात है कि हर इंसान के पास लैपटॉप-स्मार्टफोन है, जो वर्चुअल रिश्तों को खूब बढ़ावा दे रहा है। लेकिन इस तरह के रिश्तों में बढ़ती घटनाओं ने हमें यह सबक सिखाया है कि वर्चुअल रिश्तों की परख होना बहुत जरूरी है, साथ एक सीमित दायरे में रिश्ते बनाए रखना चाहिए। इस वर्चुअल वर्ल्ड में भले ही अनगिनत रिश्ते चंद दिनों में बन जाते हैं, लेकिन इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी की बात नहीं है।

**सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म:** स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे इस बात को बहुत अहमियत देते हैं कि हर इंसान को सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म की समझ होनी चाहिए, जैसे आप किसी ऐसी स्थिति में हैं कि जहां बात बिगड़ सकती है, वहां आपका व्यवहार और रवैया बहुत अहम हो जाता है। स्थिति का अच्छा-बुरा होना हम पर निर्भर करता है। बिना चिल्लाए, गुस्सा किए कई बार हम स्थिति को संभाल सकते हैं।

डेकोरेशन

राना हक

डेकोरेटिव आइटम्स से सजा घर सभी को आकर्षक लगता है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपके होम डेकोरेशन को नेचुरल लुक मिले तो आप कुछ ईको फ्रेंडली आइडियाज को फॉलो कर सकती हैं। आपके लिए यूजफुल आइडियाज।

# अपने घर को दें ईको फ्रेंडली लुक



आमतौर पर घर की सजावट का सामान खरीदते समय हम इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि उसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा? हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियों से भी पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि अपने घर को इस तरह सजाया जाए, जिससे घर दिखने में तो सुंदर लगे ही, पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो।

**इंडोर प्लांट्स से आए हरियाली:** घर अगर छोटा हो और बालकनी में पर्याप्त जगह न हो तो घर सजाने के लिए इंडोर प्लांट्स बेहतरीन ऑप्शन हैं। इंडोर प्लांट्स की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर एयर प्यूरीफायर का काम करते हैं, जो सजावट के साथ-साथ आपके घर की हवा को साफ रखने में भी मदद करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि



इन प्लांट्स को प्लास्टिक पॉट के बजाय सेरेमिक या रिसाइकल्ड बॉटल्स में लगाएं।

**लिविंग रूम में केन फर्नीचर:** यूं तो मार्केट में कई तरह के फैंसी फर्नीचर मिल जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश कुछ ही समय में खराब होने लगते हैं। इनके बजाय आप केन फर्नीचर से अपने घर के लिविंग रूम को डेकोरेट कर सकती हैं। इनकी खासियत यह होती है कि ये बहुत टिकाऊ होते हैं। इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे ये सालों-साल घर की शोभा बढ़ाते रहते हैं। अब तो केन फर्नीचर भी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से मॉडर्न लुक में उपलब्ध हैं। ऐसे फर्नीचर को तैयार करने में ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न टेक्सचर का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ये अट्रैक्टिव लगते हैं और इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

**नेचुरल फैब्रिक का करें यूज:** घर में यूज किए जाने वाले ज्यादातर फैंसी कर्टेन सिंथेटिक फाइबर के बने होते हैं। ये एन्वॉयर्नमेंट के लिए हार्मफुल होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कर्टेन, कुशन कवर, बेडशीट जैसी चीजों के लिए नेचुरल फैब्रिक का सेलेक्शन करें। कॉटन, लिनेन, जूट जैसे फैब्रिक थोड़े महंगे जरूर होते हैं, लेकिन इनकी लाइफ लंबी होती है। ये आपके खर्च को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते है।

**मल्टीपर्पस सामानों का करें यूज:** आजकल फ्लैट कल्चर में डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए स्पेस बहुत कम ही बचता है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें, जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। फोल्डेबल टेबल्स, स्टोरेज टूल, डेकोरेटिव बॉक्सेस दिखने में अच्छे लगते हैं और इनका इस्तेमाल भी कई तरह से किया जा सकता है। ऐसे मल्टीपर्पस सामान यूज करने से जो स्पेस बचता है, उसमें आप मनपसंद डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं।

**हैंडक्राफ्टेड डेकोरेटिव आइटम्स:** घर सजाते समय अगर आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखेंगी तो ये न सिर्फ बजट के लिए सही रहता है,



बल्कि ईकोफ्रेंडली ऑप्शन अपना कर पर्यावरण को बचाने में भी मदद कर सकती हैं। जैसे-वॉल हैंगिंग्स, पॉट्स, किचेन टूल्स, क्ले पॉट्स जैसे हैंडीक्राफ्टेड आइटम्स बहुत अट्रैक्टिव तो लगते ही हैं, ईकोफ्रेंडली भी होते हैं।




स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# यूज करें होममेड मॉयश्चराइजर चेहरा दिखेगा खिला-खिला

सीजन कोई भी हो, स्किन केयर के लिए पूरे साल मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह न केवल स्किन को हाइड्रेट करता है बल्कि स्किन को सॉफ्ट बनाता है और सुरक्षित रखता है। आप होममेड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं।

**नॉर्मल स्किन:** अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो आप बादाम और एलोवेरा का मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में आधा कप एलोवेरा जैल, 2 बड़े चम्मच जोजोबा या बादाम का तेल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाएं। जब तक ये फ्लफी न हो जाएं, इन्हें मिलाते रहें। इसके बाद इसे एक एयरटाइट कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें। आप इसे जरूरत के मुताबिक लगा सकती हैं। इस



क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करना न भूलें।

**ऑयली स्किन:** ऑयली स्किन के लिए भी आप मॉयश्चराइजर घर में बना सकती हैं। कांच के कटोरे में ताजा एलोवेरा से एक चम्मच एलोवेरा जैल निकाल लें। इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मिश्रण में आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें। इस मॉयश्चराइजर को आप नियमित रूप से उपयोग कर सकती हैं।



ऑयली स्किन के लिए आप यह तरीका भी अपना सकती हैं। एक पैन में थोड़ा सा गुलाब जल लें और उसमें एक कप गुलाब की पंखुड़ियां डालकर इसे उबाल लें। जब घोल ठंडा हो जाए तो इसे छान लें। अब इसमें एलोवेरा जैल मिलाएं और इस मिश्रण को फ्रिज में रख दें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। ऐसा आप हर रात सोने से पहले करती रहें। इससे स्किन सॉफ्ट बनेगी।

**ड्राई स्किन:** अगर आपकी स्किन ड्राई है तो भी आप मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए एक कटोरे में एक चम्मच शहद और दो चम्मच ग्लिसरीन डालें। इस मिश्रण में दो चम्मच एलोवेरा जैल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में दो चम्मच ग्रीन टी का पानी डालकर इसे अच्छे से पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख लें। अब इस बोतल को फ्रिज में रख दें और इस मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करें। आपका चेहरा हमेशा खिला हुआ नजर आएगा।

# रेनी सीजन में क्या खाएं-क्या न खाएं

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां खान-पान में लापरवाही से होती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में अपनी डाइट को लेकर क्या सावधानियां बरतनी जरूरी हैं?

डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा. डाइटीशियन

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं, इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट।



**ताजा-गर्म भोजन:** इस मौसम में बाहर का खाना खाने से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए घर का बना ताजा और गर्म खाना ही खाएं। हमेशा हल्का खाना खाएं। तले-भुने व्यंजनों से भी परहेज करें। दलिया, खिचड़ी, दाल, सूप को अपने खाने में शामिल करें। ठंडा और फ्रिज में रखा हुआ खाना न खाएं।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं:** अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए तुलसी, अदरक वाली चाय का सेवन करें। काढ़ा पीने से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे इन दिनों होने वाली बीमारियों से भी आप सुरक्षित रहती हैं।

**मौसमी सब्जियां-फल:** मौसमी सब्जियों और फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इस मौसम में लौकी, परवल, तोरी, और सीताफल खा सकती हैं, क्योंकि ये सब पेट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं लेकिन इसे बनाने से पहले अच्छी तरह से जरूर साफ कर लें। इसके अलावा रंग-बिरंगे फलों का भी सेवन फायदेमंद होता है जैसे सेब, आम, जामुन, अमरूद, चेरी, स्ट्रॉबेरी और आलू बुखारा खा सकती हैं। इसमें फाइबर और विटामिंस होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। ये हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। लेकिन खाने से पहले फलों को अच्छी तरह धोना जरूरी है।

**आटा-चावल:** इस मौसम में बाजरा, रागी और गेंहू के आटे को बदल-बदल कर खाना चाहिए। बाजरा और रागी में प्रोटीन, कैल्शियम बहुत होता है। इसके अलावा चावल में ब्राउन राइस लें, क्योंकि ये हार्ट, शुगर और बीपी के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

**लिक्विड:** बरसात के मौसम में गुनगुने पानी का ही सेवन करें या फिल्टर का पानी पीएं। इसके साथ नीबू पानी, नारियल पानी, सूप पीना भी फायदेमंद होता है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### जांगिड़ ब्राह्मण समाज समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

**रेवाड़ी।** सोमवार को जांगिड ब्राह्मण सामुदायिक भवन में जांगिड़ ब्राह्मण समाज समिति की नई कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। चुनाव अधिकारी श्रुति शर्मा की देखरेख में जांगिड़ ब्राह्मण समाज समिति सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चयन किया गया। राजकुमार जांगिड़ को प्रधान, नारायण दत्त को उप प्रधान, सुनील कुमार निशल को महासचिव, राजेंद्र प्रसाद को कोषाध्यक्ष, सत्यपाल जांगिड़ को सह सचिव तथा नरेश शर्मा, राजेश दत्त, प्रवीण शर्मा, अशोक कुमार व रविदत्त को कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।



### छात्राओं ने तिरंगा यात्रा से दिया राष्ट्र प्रेम का संदेश

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में एनसीसी और एनएसएस की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया और देश के प्रति अपने सम्मान और जोश को व्यक्त किया। कॉलेज की प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने छात्राओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य और अपने अधिकारों को लेकर जागरूक किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. स्वाती व डा. रजनी ने छात्राओं को तिरंगा यात्रा के महत्व से अवगत कराया। एनसीसी प्रोग्राम इंचार्ज ज्योति यादव ने छात्राओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस एडवाइजरी कमेटी के सदस्य डा. राजेश कुमारी व डा. सुनीता, एनसीसी कमेटी की संयोजक पूनम सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।



### पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** सोमवार को पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा हरियाणा की ओर से एडवोकेट मनोज यादव रिटायर्ड ईओ की अगुवाई में उद्योग एवं वन मंत्री हरियाणा राव नरबीर सिंह को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में भी हरियाणा के पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की गई। एडवोकेट मनोज ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से तृतीय एवंचतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है और भाजपा की ओर से गुरुग्राम में हुए सम्मेलन में घोषणा की थी।

## नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ परिवार-समाज पर नकारात्मक असर डालती: विद्यानंद

# जिला पुलिस ने विद्यार्थियों व कॉलेज स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया

अगर आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो तुरंत पुलिस को सूचना देकर जिले को नशा मुक्त करने में सहयोग करें।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते डीएसपी विद्यानंद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सोमवार को जिला पुलिस की ओर से कोसली स्थित निजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएसपी कोसली विद्यानंद ने विद्यार्थियों व स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों, महिला विरुद्ध अपराधों व साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। डीएसपी ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक असर डालती है। उन्होंने कहा की नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं, परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है। नशे की वजह से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं। डीएसपी ने कहा कि अगर आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो तुरंत पुलिस को सूचना देकर जिले को नशा मुक्त करने में सहयोग करें।

### ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा की दी जानकारी

डीएसपी ने छात्राओं से दुर्गा शक्ति व डायल-112 ऐप्स को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करके प्रयोग करने की अपील भी की। उन्होंने छात्राओं को ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग की सुविधा प्राप्त करना चाहती है तो 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है, जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम की ओर से यात्रा के दौरान कॉल करके यह सुनिश्चित किया जाता है कि महिला सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी छात्रा-महिला घर से कॉलेज, स्कूल या ऑफिस के लिए निकलती है और कोई व्यक्ति उसका पीछा करता है तो डायल 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### साइबर फ्रॉड के प्रति किया जागरूक

डीएसपी ने छात्राओं को साइबर फ्रॉड के संबंध में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लालच या ऑफर के चक्कर में साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं। साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर नागरिकों के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं, परंतु इसके प्रति जागरूक होकर हम साइबर अपराधियों के चंगुल से बच सकते हैं और अपने साथियों को भी बचा सकते हैं। साइबर ठगी की वारदात घटित होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर सूचना दें ताकि आपके अकाउंट से दूसरे अकाउंट में भेजे गए पैसों का फ्रिज किया जा सकें। कॉलेज चेयरमैन होशियार सिंह ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों का शपथ दिलाते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को दी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी

### पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस ने युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए और खेलों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस की नशा मुक्त टीम रोज डोर टू डोर सम्पर्क करके लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर रही है। अभियान के तहत जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने सोमवार को गवर्नमेंट स्कूल गढ़ी बोलनी, बगथला व गांव खेडी मोतला में विद्यार्थियो को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों व आमजन को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। नशामुक्ति टीम ने सोमवार को तीन नशा पीड़ति व्यक्तियों की पहचान भी की, जिनकी काउंसलिंग कराकर डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया गया है। अभियान के दौरान नशा मुक्ति टीम अब तक नशे से पीड़ति 98 लोगों की पहचान कर चुकी है तथा 26 नशा पीड़तिों का इलाज कराया गया है।

#### नशे की लत से अनमोल जीवन हो रहा है बर्बाद

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच दें।

## समाधान शिविर में वार्ड नंबर-15 के राजेश कुमार की मौके पर ही बनाई बुढ़ापा पेंशन

- डीसी अभिषेक मीणा व एडीसी राहुल मोदी ने सुनी समाधान शिविर में शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। समाधान शिविर में जन शिकायतों का निदान करते डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान कर रहे थे। समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। डीसी ने विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया। प्राणपुरा गांव के प्रजापति समाज द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध कराने के लिए चलाई गई योजना के तहत जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में डीसी ने डीडीपीओ को जांच के निर्देश दिए। गांव पंचायत बासदूदा व बालधन खुर्द में अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए गए। प्राइवेट स्कूल की ओर से 10वीं व 12वीं कक्षा पास करने वाले बच्चों की एसएलसी न देने पर डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी को एसएलसी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्राइवेट स्कूल द्वारा मनमानी की जाती है या कोई शिकायत प्राप्त होती है तो कार्यवाही अमल में लाई जाए।

समाधान शिविर में वार्ड नंबर-15 निवासी राजेश कुमार की मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन भी बनाई गई। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान, डीआरओ प्रदीप देशवाल व डीएसपी पवन कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नमस्ते योजना का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करना: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। नमस्ते योजना के तहत अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को बीमारियों से बचाने के लिए सभी स्वच्छता कार्यों को सुरक्षा उपकरणों और कुशल श्रमिकों के माध्यम से कराया जाए। सफाई कर्मचारियों को व्यावसायिक सुरक्षा प्रशिक्षण दिलाकर उनको स्वरोजगार में सक्षम बनाना भी प्रशासन का उद्देश्य है। डीसी अभिषेक मीणा सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में सीवर सफाई और अन्य सफाई से संबंधित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर संबंधित विभागों को व्यापक दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक से पहले जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन ने मैनुअल स्कैवेंजर्स और राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता एवं पारिस्थितिकी तंत्र कार्य यानि नमस्ते योजना के क्रियान्वयन के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि नमस्ते योजना का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करना है, जिसमें शहरी क्षेत्र में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए 100 प्रतिशत मशीनीकृत संसाधनों का प्रयोग शामिल है। इसके साथ-साथ डीसी ने बताया कि जिला में 55 सीवर वर्कर है, जिनका पोर्टल पर नमस्ते स्कीम के तहत डाटा अपलोड किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए रिस्पांस टीम भी बनाई गई है।

## एनसीबी टीम ने ग्रामीणों को दिया नशामुक्ति का संदेश, नशा न करने की दिलाई शपथ

- हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ की जा रही है कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती एनसीबी टीम। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। नशा आज सिर्फ एक लत नहीं, बल्कि समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। गांवों की गलियों से लेकर घर-आंगन तक इसकी जड़ें फैल चुकी हैं, जिससे युवा पीढी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। एनसीबी जिला यूनिट की ओर से सोमवार को गांव साल्हावास और ढालियावास में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

इस मौके पर यूनिट इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति की जिंदगी नहीं बिगाड़ता, बल्कि पूरे परिवार की खुशियां छीन लेता है। उन्होंने कहा कि एनसीबी की टीम नमक लोटा अभियान, साइक्लोथोन, और नशा मुक्त जीवन-नायाब जीवन मुहिम से समाज को एकजुट कर नशे के खिलाफ मजबूत संदेश दे रही हैं। उन्होंने सभी को नशा न करने और नशे के खिलाफ दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई। एनसीबी अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ टोल फ्री नंबर1933,90508-91508, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन और यूनिट इंचार्ज के मोबाइल 9813136557 पर सूचना दें।

## प्रदेश में बदमाशों के हौसले बुलंद: रजनी मलिक

- प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर मौन बैठा : जजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैठक में महिलाओं को संबोधित करते हुए रजनी मलिक। फोटो : हरिभूमि

जजपा की ओर से जिला स्तरीय महिला प्रकोष्ठ की मीटिंग कुतुबपुर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रजनी मलिक महिला प्रदेश अध्यक्ष और किरण पूनिया महिला प्रदेश प्रभारी ने शिरकत की। मीटिंग का संचालन सुमन शर्मा ने किया तथा अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय पंच ने की। विजय पंच ने महिलाओं को सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में अवगत कराया। महिला प्रदेश प्रभारी किरण पूनिया ने महिलाओं की सुरक्षा का लेकर सरकार की घोर निंदा की। महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक ने कहा कि महिलाएं अपने हक के लिए जननायक जनता पार्टी के साथ जुड़े। उन्होंने भिवानी में महिला टीचर मनीषा के साथ हुए जघन्य अपराध पर सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दिन-प्रतिदिन बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर मौन बैठा हुआ है। इस मौके पर बिमला चौधरी, मीरा यादव कोसली, उपेन्द्र महलावत हल्का अध्यक्ष बावल, सचिन ढींगड़ा, जगदीश प्राणपुर, अमर सिंह खेड़ा मुरार, विजेंद्र सरपंच, शशिबाला, कविता देवी, उमा देवी, कांता देवी, अंकित शर्मा, सुनीता देवी, कृष्णा देवी, सरला देवी, प्रेमा देवी, संध्या भार्गव, निर्मला देवी, लक्ष्मी देवी, भगवती देवी, संतरा देवी, केला देवी, सावित्री देवी, मीरा देवी, कमला देवी, शारदा देवी, सरोज देवी, सुरेश देवी, कृष्ण प्रजापति, योगिता यादव, मुकेश शर्मा, बलवंत कौशिक, संदीप शर्मा, मोनू जाटव, नीरज, विपिन, सचिन ,राहुल शर्मा, मोहित शर्मा, नरेश, अभिषेक, वैभव शर्मा, दीपांशु शर्मा, गौरव कौशिक, अनुज, लक्ष्य शर्मा, लक्ष्मण शर्मा व प्रवक्ता मंगलेश्वर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टीपी स्कीम में गणेश उत्सव की तैयारियां शुरू, 27 को कलश यात्रा निकलेगी

- गणेश महोत्सव समिति की नई कार्यकारिणी का गठन, विनय मलिक बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर की टी पी स्कीम कॉलोनी स्थित शॉपिंग कॉम्पलैक्स में आठवें श्री गणेश महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उत्सव की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। विनय मलिक को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। 27 अगस्त से 6 सितंबर तक चलने वाले महोत्सव की शुरूआत श्री गणेश शोभा एवं कलश यात्रा से होगी। महोत्सव में टीपी स्कीम सहित आसपास की कॉलोनियों के श्रृद्धालु शामिल होंगे।

#### नई कार्यकारिणी गठित

संस्था के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही महोत्सव की तैयारियों को गति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि टीपी स्कीम के अलावा गौतम नगर, सुभाष नगर, सज्जन कॉलोनी के श्रृद्धालुओं के सहयोग से 27 अगस्त को कलश यात्रा निकालकर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम में कलश उठाने वाली महिलाओं के लिए एक आकर्षक उपहार भी रखा गया है।

नई कार्यकारिणी में प्रधान विनय मलिक के अतिरिक्त सतीश अग्रवाल को संरक्षक, प्रवीण सचदेवा को उप प्रधान, सुनील माटा को सचिव, इंदर अरोड़ा को सह सचिव, प्रेम गेरा को कोषाध्यक्ष, नंदलाल ढींगरा को सह कोषाध्यक्ष तथा गोपाल शर्मा को प्रेस सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला प्रधान का दायित्व अर्चना कौशिक को सौंपा गया है।

### जीवनशैली में आए बदलावों के कारण हो रही कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी

## खराब आदतें और असंतुलित आहार बढ़ा रहे कैंसर का खतरा: डॉ. अदिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। डा. अदिति अग्रवाल।

- संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, नशे से दूरी, पर्याप्त नींद लेना, ये सभी न कैंसर को बचाने में मदद करेंगे

हृदय रोग के बाद कैंसर दुनिया भर में सबसे आम नॉन कम्युनिकेबल बीमारी बन चुका है। इसका प्रसार न केवल भारत में, बल्कि विश्वभर में लगातार बढ़ रहा है। ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार पुरुषों में फेफड़े, कोलोरेक्टल, सिर-गले और प्रोस्टेट कैंसर सबसे आम हैं, जबकि महिलाओं में स्तन, कोलोरेक्टल, फेफड़े और सर्वाइकल कैंसर अधिक पाए जाते हैं। कैंसर के प्रमुख कारण धूम्रपान, शराब और तंबाकू का सेवन, असंतुलित खानपान, जिसमें संतृप्त वसा अधिक और आहार फाइबर कम हो तथा लंबे समय तक बैठे रहने की आदत है। मोटापा भी कई तरह के कैंसर का महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। हाल के वर्षों में साबत अनाज की तुलना में प्रोसेस्ड फूड का सेवन तेजी से बढ़ा है, जिससे मेटाबॉलिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और मोटापा, मधुमेह, क्रॉनिक किडनी डिजीज व कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

प्राइवेट अस्पताल की एसोसिएट डायरेक्टर डा. अदिति अग्रवाल ने बताया कि आहार से जुड़े अन्य पहलुओं में बीज तेलों का अत्यधिक उपयोग, ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड का असंतुलन और शरीर में लंबे समय तक बनी रहने वाली सूजन शामिल हैं। पानी और औषधियों में मौजूद भारी धातुएं शरीर की प्राकृतिक डिटॉक्स प्रणाली को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे लंबे समय में कैंसरकारी तत्वों को बाहर निकालने की क्षमता घट सकती है। प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से वातावरण, पानी और भोजन में माइक्रोप्लास्टिक्स की मौजूदगी भी बढ़ी है, जो हार्मोनल बदलाव पैदा कर स्तन और प्रोस्टेट कैंसर के खतरे को बढ़ा सकती है। लगातार मानसिक तनाव भी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकता है, जिससे शरीर क्षतिग्रस्त कोशिकाओं या कैंसरकारी उत्तेजकों को खत्म करने में कम सक्षम हो जाता है। उन्होंने बताया कि कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी मुख्यतः जीवनशैली में आए बदलावों के कारण हो रही है, जो कोशिकीय स्तर पर हार्मोनल असंतुलन, मेटाबॉलिक रोग और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा करते हैं, साथ ही प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देते हैं। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, नशे से दूरी, प्रोसेस्ड फूड और प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करना तथा पर्याप्त नींद लेना, ये सभी न केवल कैंसर, बल्कि कई अन्य बीमारियों की रोकथाम में सहायक हो सकते हैं। डा. अदिति ने बताया कि आयनाइजिंग रेडिएशन से कैंसर होने के प्रमाण हैं, लेकिन नॉन आयनाइजिंग रेडिएशन जैसे मोबाइल फोन, टेलीफोन नेटवर्क के इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड से कैंसर होने के स्पष्ट प्रमाण अब तक नहीं मिले हैं। रात में आर्टिफिशल लाइट का अत्यधिक उपयोग शरीर की प्राकृतिक जैविक घड़ी को बिगाड़ सकता है, जिससे मेलाटोनिन स्तर घटते हैं।

**सूचना**

मैं, सुलतान सिंह पुत्र श्री राम सिंह निवासी सहादतनगर तह० कोसली जिला रेवाड़ी हरि० बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप सिंह, पुत्रवधू रेनू, पौत्र जतिन व नितिन मेरे कहने सुनने से बाहर हैं तथा अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त सभी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।आज के बाद मेरा इन सभी से कोई वास्ता नही रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इन चारों से किसी प्रकार का लेन-देन अथवा व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

## पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण 31 तक

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण किया जा रहा है। सरकार की ओर से पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 अगस्त है। डीसी ने बताया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान का पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीकृत किसान से ही केवल फसल खरीदी जाएगी। ऐसे में किसान को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने व फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर बेचने के लिए जरूरी है।

## नठेड़ा : भूमिका सदन में रक्तदान शिविर 22 को

**कोसली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज एवं समाज सेवा प्रभाग की ओर से 22 अगस्त को राज योगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर नठेड़ा गांव के भूमिका सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी केंद्र कोसली की संचालक निर्मला ने बताया कि इस अवसर पर झज्जर जिले के बाढ़सा गांव के एम्स की टीम रक्त एकत्रित करने के लिए मौजूद रहेंगी।

### भिवानी में महिला अध्यापक की हत्या के विरोध में आक्रोश बढ़ता जा रहा है

# शिक्षिका की हत्या को लेकर लोगों में रोष कैंडल मार्च निकाला, गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भिवानी में महिला अध्यापक की हत्या के विरोध में लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों और दा पावर ऑफ ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के सदस्यों ने कंकरवाली स्थित अंबेडकर पार्क से शिव मंदिर तक कैंडल मार्च निकालकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासन की लापरवाही के चलते अब तक न तो दोषियों पर कार्रवाई हुई है और न ही पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा नहीं दी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में अनीता, कृष्णा, ललिता, रीना, सुमन, रजनी, गजेन्द्र, डा. सोमबीर, विनोद महाशय, रामसिंह, सतीश, पुष्पेंद्र, करण सिंह, अलका देवी, संतोष देवी, हिमांशु व सुरेन्द्र सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। शिक्षिका मनीषा 11 अगस्त को लापता हुई थी तथा दो दिन बाद 13 अगस्त को उसकी गला रेत कर हत्या की हुई लाश सिंघानी गांव के समीप नहर के साथ खेत से बरामद हुई थी। हत्या को लेकर अभी तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है।



रेवाड़ी। कंकरवाली में कैंडल मार्च निकालते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं: कॉमरेड

एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने भिवानी जिले के गांव ढाणी लक्ष्मण की बेटी मनीषा की बर्बर हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। 11 अगस्त से अब तक कातिलों की गिरफ्तारी न होना समाज में एक बेचैनी पैदा कर रही है, वहीं सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठा रही है। उन्होंने सरकार से दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करके फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है ताकि समाज और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों पर रोक लगाने के लिए कड़े व प्रभावशाली कदम उठाएं।

### शिक्षिका की हत्या के दोषियों को फांसी देने की मांग

**रेवाड़ी।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से भिवानी के मनीषा देवी हत्याकांड प्रकरण पर सरकार और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च झज्जर चौक स्थित सतगुरु रविदास मंदिर से शुरू होकर अंबेडकर चौक पर सम्पन्न हुआ। इस मौके पर संस्था के जिला अध्यक्ष रोहित वाल्मीकि ने कहा कि 19 वर्षीय शिक्षिका की निर्मम तरीके से हत्या की गई है। एक सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। उन्होंने कहा कि ये मनीषा की हत्या नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की हत्या है। जिला अध्यक्ष ने मामले में प्रशासन और सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार करके फांसी की सजा देने की मांग की। कैंडल मार्च में भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष मनोज चौहान, जिला प्रभारी राहुल मालाहेड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष बावल रोहित भाटिया, जिला प्रभारी ग्रामीण चंदन सिंह मेहरा, मीडिया प्रभारी विशाल बोड़वाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, अशोक कुमार, राजपाल सिंह, विजय सिंह सैनी, जगदीश यादव, रविंद्र सिंह, दीपक गोठवाल व साहिल गिल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## अस्पताल की मांग को लेकर रामगढ़ में निकाला कैंडल मार्च


रेवाड़ी। रामगढ़ में कैंडल मार्च निकालती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

- कमेटी को कैंडल मार्च जन जागरण अभियान के दौरान गांवों से समर्थन मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना सोमवार को 63वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव रोशन लाल ने की। कमेटी को कैंडल मार्च जन जागरण अभियान के दौरान गांवों से समर्थन मिल रहा है। धरने में तुर्कियावास, बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, सुनारिया, फदनी, मीरपुर, मांढैया कला, गोकलपुर, डाबड़ी, डोहकी, मुढलिया, फदनी व बालियर खुर्द सहित अनेक गांवों के ग्रामीण शामिल हो रहे है। सरपंच प्रतिनिध अनिल कुमार ने कहा जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। रविवार रात्रि गांव रामगढ़ में कैंडल मार्च निकालकर जनसभा का आयोजन किया गया। 19 अगस्त को रामगढ़ भगवानपुर धरना स्थल से बुड़ानी गांव तक मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कॉमरेड राजेन्द्र कामरेड, शेर सिंह मीरपुर, उदयराज नंबरदार, सुधीर कुमार एडवोकेट मीरपुर, अशोक मेघवाल, रामफल चान्दनवास, राजकुमार निमोठ, एडवोकेट रमेश चन्द्र फदनी, महीपाल फदनी, इन्द्रजीत, अभय सिंह फिदेडी, प्रताप सिंह फिदेडी, भगवान सिंह, नरेश तुर्कियावास, हुकमचन्द तुर्कियावास, गजराज सुनारिया, सतीश सरपंच प्रतिनिधि बुड़ानी, एक्स सरपंच खजान सिंह बुड़ानी, मोहर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## राज स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा


रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी अतिथियों व शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के लिए कृष्ण के रंग में रंगे बाल मन शिक्षा, संस्कार, आनंद और उमंग थीम के साथ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीईओ राजेश कुमार और डा. संजीव कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्कूल के निदेशक नवीन सैनी, जितेन्द्र सैनी व हेमन्त सैनी ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न परिधानों में मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नन्हे प्रतिभागियों ने कृष्णा, राधा, यशोदा, उद्धव, कालिया नाग, गोवर्द्धन पर्वत, देवकी, द्रोपदी, नंद बाबा, वासुदेव और कंस के किरदारों के रूप में अपनी प्रतिभा दिखाकर सबका मन मोहा। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना को विकसित करना है तथा अपनी संस्कृति से अवगत कराना है। जन्माष्टमी का त्योहार हमें सिखाता है कि हमें निस्वार्थ प्रेम, दूसरों के प्रति सहानुभूति, सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए और चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

# पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी करने के मामले का एक और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने कंपनी मेंटेंस मैनेजर को पार्ट टाइम जॉब के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला लखनऊ के गोपालगंज चिकमेडी निवासी मोहम्मद तौसिब के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गत वर्ष 29 अक्टूबर को ओमैक्स सिटी सोनीपत हालआबाद अवलोन रंगोली धारूहेड़ा निवासी निशांत उपाध्याय ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह धारूहेड़ा स्थित पीएमआई कम्पनी में बतौर मेंटेंस मैनेजर काम करता हैं। उसके पास व्हाट्स पर एक पार्ट टाइम जोब का मेसिज आया था, जिसमे एक टेलीग्राम लिंक दिया गया था। शुरूआत में उन्होंने ऑनलाइन लिंक पर अकाउंट बनाने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। इसके बाद वह चंगुल में फंसता चला गया। कई ट्रांजेक्शन के जरिए उसने करीब 15 लाख 98 हजार 196 रुपये उनके अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी यूपी के जिला बुलंदशहर के गांव नारमोहम्मदपुर निवासी गौरव उर्फ गोलू व गौरव उर्फ सिट्टू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी गौरव उर्फ गोलू के खाते में 4.87 लाख रुपये गए थे। गौरव उर्फ गोलू ने गौरव उर्फ सिट्टू के कहने पर अपना खाता कमीशन के आधार पर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी मोहम्मद तौसिब को भी गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपी मोहम्मद तौसिब के बैंक खाते में ठगी की 49 हजार रुपये की रकम ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी मोहम्मद तौसिब। फोटो :हरिभूमि

## श्रीराम कुटी में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा के सेक्टर-6 स्थित श्रीराम कुटी में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा सेक्टर-4 के शिव मंदिर से शुरू होकर श्रीराम कुटी में पहुंची। पंडित तरुण कौशिक ने विधिवत रूप से कलशों का पूजन किया और पंडित महेन्द्र शर्मा ने महिलाओं को कलश यात्रा का महत्व बताया। कलश यात्रा में महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किया। 24 अगस्त तक चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा का वाचन व्यास पीठ से स्वामी प्रेमानंद गिरि महाराज करेंगे। इस अवसर पर नपा उप चेयरमैन अजय जांगडा, सैनी समाज के पूर्व प्रधान खेमचंद सैनी, संजय सैनी, एस एन भट्ट अध्यक्ष उत्तराखंड समाज सेवा समिति, कमलेश पार्षद, सुमित्रा देवी, भगवती देवी, लक्ष्मण सिंह बिष्ट व रमेश कुमार जांगिड़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।




रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी रोड की खस्ताहाल हालत तथा कसोला चौक पर सड़क पर हुआ गड्ढा। फोटो : हरिभूमि

## गढ़ी बोलनी रोड की हालत दयनीय, विभाग नहीं ले रहा सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गढ़ी बोलनी रोड की कसोला चौक के पास हालत बदहाल ही नहीं, बल्कि खतरनाक भी हो चुकी है। इस रोड पर वाहनों का दबाव होने के कारण हादसों की आशंका बनी हुई है, परंतु लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क की दशा को ठीक नहीं कराया जा रहा है। शहर को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे, रोहतक हाइवे और राजस्थान के अलवर से जोड़ने के लिए गढ़ी बोलनी रोड प्रमुख है। इस रोड से बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। बरसात के बाद कसोला चौक पर फ्लाईओवर के नीचे सड़क बुरी तरह टूटी हुई है, तो रेवाड़ी से कसोला चौक की ओर जाने वाली सड़क बदहाल बनी हुई है। सड़क पर गहरे और चौड़े गड्ढों में बरसाती पानी भरा हुआ है, जिसमें वाहन फंसते रहते हैं। इस स्थान पर हादसों की सबसे अधिक आशंका बनी रहती है। विभाग की ओर से कुछ दिन पहले गड्ढों को मिट्टी डलवाकर पाट दिया गया था, परंतु बारिश के बाद मिट्टी बहने से सड़क फिर बदहाल हो चुकी है। इस रोड पर कभी भी टूटी सड़क के कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### उड़ती धूल भी कर रही परेशान

बारिश का पानी एकत्रित होने पर जहां वाहनों के गड्ढों से क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है, वहीं मौसम साफ होने के बाद उड़ने वाली धूल आसपास के दुकानदारों के लिए आफत बन जाती है। दिन भी दुकानदारों को सड़क से उड़ने वाली धूल से परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क के आसपास के दुकानदारों ने प्रशासन से सड़क की दशा ठीक कराने की मांग की है, ताकि राहत मिल सके।

## आपसी सहयोग और सम्मान की भावना ही स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण की नींवः डा. मुकेश



**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के हिंदी विभाग में 'एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत 'रैगिंग एक अपराध' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. मुकेश कुमार अध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग थे। हिंदी विभागाध्यक्ष डा. मंजु पुरी ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंटकर सम्मान किया। विभागाध्यक्ष ने कहा कि विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसलिए एंटी रैगिंग जागरूकता जैसे अभियान आवश्यक है। रैगिंग एक सामाजिक बुराई है, जिसके खिलाफ आवाज उठाना प्रत्येक विद्यार्थी का दायित्व है। मुख्य वक्ता डा. मुकेश ने कहा कि हमें सभी के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। हम अपनी बातों से, आचरण से, कोई ऐसा व्यवहार न करें, जिससे नवप्रवेशित छात्र तनाव में रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को रैगिंग से संबंधित कानून की विभिन्न धाराओं, दंड और जुर्माना आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग और सम्मान की भावना ही स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण की नींव है। भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की रैगिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए कठोर कदम उठाए हैं। हम सब का दायित्व बनता है कि हम अपने परिसर को रैगिंग मुक्त बनाने में सहयोग करें। सीनियर्स और जूनियर्स के बीच स्वस्थ संवाद को बढ़ावा दें। कार्यक्रम समन्वयिका डा. शकुंतला ने कहा कि रैगिंग केवल अपराध ही नहीं, अपितु यह छात्रों के आत्म सम्मान को भी प्रभावित करता है। इससे शिक्षण संस्थाओं का वातावरण प्रभावित होता है। इस मौके पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में थरपना तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, हिना तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय और प्रिया प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी छात्रों एवं प्राध्यापकों को रैगिंग के विरुद्ध शपथ दिलाई गई।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## आईजीयू में स्नातक स्नातकोत्तर में बची हुई सीटों पर 20 अगस्त तक होंगे दाखिले

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में संचालित विभिन्न स्नातक-स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में (हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, योग, वनस्पति विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग) रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 20 अगस्त तक आवेदन फॉर्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करा सकते हैं। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1200 रुपये हैं एवं हरियाणा के अनुसूचित जाति-पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 300 रुपये हैं। जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा नहीं दी थी वे अभ्यर्थी भी आवेदन फॉर्म भरकर दाखिला ले सकते हैं।

**प्रतियोगिता** खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड, 5 सिलपर व 10 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए

# स्टेट ताइक्वांडों चैंपियनशिप में रेवाड़ी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 5 गोल्ड सहित 20 मेडल जीते

- बच्चों का हौसला बढ़ाकर नेशनल में अधिक से अधिक मेडल लाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंडिया ताइक्वांडो से संबद्ध ताइक्वांडों स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की ओर से सिरसा में आयोजित दूसरी हरियाणा स्टेट किड्स, सब-जूनियर, सीनियर बॉयज और गर्ल्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रेवाड़ी जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते है। खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड, 5 सिलपर व 10 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। ताइक्वांडों एसोसिएशन के महासचिव पवन चौधरी ने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने वाले बच्चों का नेशनल के लिए सिलेक्शन हुआ है। महासचिव और वरिष्ठ सलाहकार पंकज रॉय ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाकर नेशनल में अधिक से अधिक मेडल लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे अधिक से अधिक मेडल जीतकर अपने शहर, देश, क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करें। महासचिव ने जिले के सभी कोच का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पीयूष, छत्रपाल, ईशांक, महेश, दीपक, ललित मोहन, बलराम व प्रयासी देवी का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सभी विजेता खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी।



रेवाड़ी। मेडल विजेता खिलाड़ी आयोजकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी

**गोल्ड मेडल विजेता :** सीनियर बॉयज में नवीन अंडर-54 किलोग्राम, अमन कुमार अंडर-58 किलोग्राम तथा सब-जूनियर बॉयज में लक्ष्यित अंडर-18 किलोग्राम, रुद्र वशिष्ठ अंडर-27 किलोग्राम। आरुष अंडर-32 किलोग्राम ने गोल्ड मेडल हासिल किया।

**सिल्वर मेडल विजेता :** सीनियर गर्ल्स में गुंजन अंडर-46 किलोग्राम, सीनियर बॉयज में शुभम प्लस 87 किलोग्राम, गोरीश राव, सब जूनियर बॉयज में कार्तिक अंडर 50 किलोग्राम तथा किड्स बॉयज में अथर्व पाल अंडर-18 किलोग्राम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

**ब्रॉन्ज मेडल विजेता :** सीनियर गर्ल्स में अर्चिका अंडर-62 किलोग्राम, सब जूनियर बॉयज में मुकुंद अंडर-25 किलोग्राम, दिव्यना अंडर-23 किलोग्राम, हितेन अंडर-29 किलोग्राम, हिमांशु अंडर-32 किलोग्राम, मोहित कुमार अंडर-38 किलोग्राम, सब जूनियर गर्ल्स में जन्नवी अंडर-20 किलोग्राम, आराध्या-अंडर 24 किलोग्राम, किड्स गर्ल्स में वंशिका अंडर-22 किलोग्राम तथा किड्स बॉयज में प्रणय-अंडर 27 किलोग्राम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।